# ‘मुख्यमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप’ योजना

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने बताया कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं कक्षा तक पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को ‘मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति’ योजना का लाभ दिया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने बताया कि ‘मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति’ योजना के लिये राज्य के 1,47,928 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इन्हें मार्च में ही छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान किया जाएगा।
- योजना के तहत पहली से चौथी कक्षा तक 500 रुपए, पाँचवीं और 6वीं में पढ़ने वालों को 1 हज़ार, कक्षा 7-10 तक के छात्र-छात्राओं को 1500 और इंटरमीडिएट के स्टूडेंट्स को 2300 रुपए मिलेंगे।
- किरण कुमारी पासी ने बताया कि पहली से 12वीं में पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के वैसे छात्र-छात्रा, जिन्हें अन्य कोई छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 से राज्य सरकार के द्वारा ऑनलाइन ऐप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिये पीएफएमएस- डीबीटी के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-special-scholarship-scheme